

MAGNA

आचार संहिता और नैतिकता नीति

हितों के टकराव संबंधी नीति

हितों के टकराव संबंधी नीति

Magna के कर्मचारियों को Magna के सर्वोत्तम हित में काम करना चाहिए। आपके निजी हितों का व्यवसाय संबंधी फ़ैसलों पर कोई प्रभाव नहीं होना चाहिए, और न ही ऐसा कोई प्रभाव नज़र आना चाहिए। यह नीति Magna International Inc. और इसके सभी संचालन समूहों, विभागों, संयुक्त उद्यमों और अन्य वैश्विक संचालनों (सामूहिक रूप से, "Magna") पर लागू होती है। यह नीति उन सभी व्यक्तियों पर भी लागू होती है जो Magna की ओर से कार्य करते हैं, जिनमें कर्मचारी, अधिकारी, निदेशक, सलाहकार और एजेंट शामिल हैं।

परिभाषाएं

इस नीति के अंतर्गत:

- "**हितों का टकराव**" (या "**टकराव**") का व्यापक अर्थ है। आम तौर पर यह एक ऐसी परिस्थिति है जहाँ आप Magna के लिए व्यावसायिक फ़ैसला लेने में सक्षम हैं या फ़ैसले को प्रभावित कर सकते है जबकि आपके निजी हित, या आपसे संबंधित पक्षों के हित, Magna के हितों से अलग हो सकते हैं।
- पद "**प्रबंध**" और "**प्रबंधन**" में भर्ती, निरीक्षण, एक निरीक्षक/अधीनस्थ रिपोर्टिंग संबंध में होना, या दूसरे की वेतन वृद्धि या नौकरी में प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की क्षमता शामिल हैं।
- "**संबंधित पक्ष**" का अर्थ हर उस व्यक्ति से है जिससे आप संबंधित हैं या जिसके साथ आपका निजी संबंध है जो आपके व्यवसाय संबंधी फ़ैसलों को प्रभावित कर सकता है या प्रभावित करता हुआ नज़र आ सकता है। इसमें परिवार के सदस्य, दोस्त या पूर्व सहकर्मी, सहपाठी और नियोक्ता शामिल हैं।
- एक व्यक्ति व्यापार में "**महत्वपूर्ण हित**" रखता है अगर वह (i) सीधे या परोक्ष रूप से व्यापार के दस प्रतिशत (10%) या उससे ज़्यादा शेयर, संपत्ति या दूसरे हितों पर नियंत्रण रखता हो; (ii) व्यापार में संचालक भूमिका में हो; या (iii) उसे व्यापार और Magna के संबंधों से लाभ होता हो।

अपना टकराव का खुलासा करें

अगर आपके हितों में टकराव पैदा होता है या आपको लगता है कि टकराव पैदा हो सकता है (या दूसरों को ऐसा लगता है), तो आपको जल्द से जल्द टकराव का खुलासा कर देना चाहिए, और अगले कदम उठाने से पहले मंजूरी लेना चाहिए। टकराव का खुलासा करने और मंजूरी लेने की प्रक्रिया **अनुपालन प्रक्रिया - हितों के टकराव संबंधी प्रक्रिया** (या "**प्रक्रिया**") में बताई गई है, जो MagNET पर उपलब्ध है।

परिस्थितियों के आधार पर, Magna शर्तों के साथ या बिना शर्त टकराव पैदा करने वाली परिस्थितियों को मंजूरी देना चुन सकता है, अगर यह तय होता हो कि ऐसी मंजूरी Magna के सर्वोत्तम हित में होगी। Magna के सर्वोत्तम हित को बढ़ावा देने के लिए एक सशर्त मंजूरी के लिए सहकर्मियों (जो ऐसे ही टकराव का सामना नहीं कर रहे हों) के निरीक्षण और निरंतर निगरानी में कुछ उपयुक्त कदम लिए जाने की ज़रूरत होगी।

टकरावों के सामान्य प्रकार

हितों का टकराव अक्सर इन स्थितियों में पैदा होता है।

व्यक्तिगत कार्यस्थल संबंध

अगर आप संबंधित पक्ष का प्रबंधन करते हैं, या उससे प्रबंधित होते हैं (जैसे, अपने जीवनसाथी की निगरानी करने वाला कोई व्यक्ति), तो आप टकराव की स्थिति में हैं। संबंधित पक्ष का सीधे प्रबंधन करना या उससे रिपोर्टिंग संबंध वर्जित है। अगर आपने

संबंध का खुलासा कर दिया है और प्रक्रिया के तहत मंजूरी ले ली है तो आप परोक्ष रूप से एक संबंधित पक्ष को प्रबंधित कर सकते हैं।

सेल्फ़-डीलिंग

अगर आप Magna और एक ऐसे व्यवसाय के बीच एक व्यवसाय संबंध को मंजूर या निर्देशित करते हैं जिसमें आपका महत्वपूर्ण हित है, तो आप टकराव की स्थिति में हैं। जैसे, अगर एक सहायक महाप्रबंधक अपने सह-स्वामित्व वाले किसी वेंडर को व्यवसाय देता है, तो यह टकराव की स्थिति होगी।

अगर आप निजी लाभ की चाहत में या उसके बदले किसी तीसरे पक्ष के साथ एक व्यवसाय संबंध को मंजूरी देते हैं या उसे निर्देशित करते हैं, तो यह भी हितों का टकराव होगा (जैसे, रिश्वत)। ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया **रिश्वत और अनुचित भुगतान नीति** देखें।

संबंधित पक्ष के लेनदेन

अगर आप Magna और एक ऐसे व्यवसाय के बीच एक व्यवसाय संबंध को मंजूर या निर्देशित करने की स्थिति में हैं जिसमें आपके संबंधित पक्ष का महत्वपूर्ण हित है, तो आप टकराव की स्थिति में हैं। जैसे, अगर एक महाप्रबंधक अपने डिविज़न और अपने पुत्र के स्वामित्व वाली कंपनी के बीच एक व्यवसाय संबंध को मंजूरी देती है, तो यह टकराव की स्थिति होगी।

अगर आप संबंधित पक्ष को निजी लाभ की चाहत में या उसके बदले किसी तीसरे पक्ष के साथ एक व्यवसाय संबंध को मंजूरी देते हैं या उसे निर्देशित करते हैं, तो यह भी हितों का टकराव होगा। जैसे, अगर एक क्रय प्रबंधक अपनी बहन को काम पर रखने की शर्त पर किसी वेंडर को व्यवसाय प्रदान करता है, तो यह टकराव की स्थिति होगी।

बाहरी पद

हमारे उपाध्यक्ष, नैतिकता और मुख्य अनुपालन अधिकारी द्वारा अधिकृत बेहद सीमित परिस्थितियों को छोड़कर आप Magna के ग्राहकों, प्रतियोगियों या सप्लायरों के साथ कोई भी (वैतनिक या अवैतनिक) पद ग्रहण नहीं कर सकते।

अगर आप अपने खुद के व्यवसाय सहित ऐसे किसी भी उपक्रम में एक बाहरी पद ग्रहण करना चाहते हैं या शामिल हैं जो Magna में आपकी नौकरी के काम के घंटों के दौरान अपना पूरा समय और ध्यान देने से आपको रोकता है, तो आपको इसका खुलासा करना चाहिए और प्रक्रिया के तहत मंजूरी लेनी चाहिए। जैसे, अगर एक इंजिनियर Magna के काम के घंटों के दौरान अपना खुद का परामर्श व्यवसाय विकसित करने में काफ़ी समय खर्च करता है, तो यह टकराव की स्थिति होगी।

कॉर्पोरेट अवसरों और संसाधनों का उपयोग

अगर आप अपने या किसी संबंधित पक्ष के लिए ऐसे अवसरों का इस्तेमाल करते हैं जो Magna की संपत्ति या जानकारी के इस्तेमाल या Magna में आपके पद के ज़रिए खोजे गए हैं, तो यह टकराव की स्थिति होगी। निजी लाभ या संबंधित पक्ष के फ़ायदे के लिए Magna की संपत्ति, जानकारी या अपने पद का इस्तेमाल भी हितों का टकराव है। (इसमें हमारी **उपहार एवं मनोरंजन संबंधी नीति** द्वारा कवर किए गए कर्मचारियों के 'अनुलाभ' और लाभ, या उपहार एवं मनोरंजन शामिल नहीं हैं।) ऐसी परिस्थितियों में, आपको हितों के टकराव की प्रक्रिया के अनुसार टकराव का खुलासा करना चाहिए और लिखित मंजूरी लेनी चाहिए।

जैसे, अगर एक कर्मचारी अपनी डिविज़न के कैफ़ेटेरिया का इस्तेमाल पारिवारिक मिलन समारोह के लिए करता है, तो यह टकराव की स्थिति होगी। अगर एक कर्मचारी अपने पति के व्यवसाय के लाभ के लिए Magna के किसी व्यवसाय अवसर के बारे में जानकारी साझा करती है, तो यह भी टकराव की स्थिति होगी।

उल्लंघन

Magna अनुपालन संबंधी किसी भी उल्लंघन को सहन नहीं करेगी। किसी भी उल्लंघन को गंभीर मामला माना जाएगा और रोजगार समाप्ति तक की और इसके सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अगर आपको Magna आचार संहिता और नैतिकता नीति या इस नीति के उल्लंघन के बारे में पता है या किसी पर संदेह है (जैसे, अगर आपको किसी के ऐसे टकराव के बारे में पता है, जिसका खुलासा नहीं किया गया है), तो आपको यह (i) अपने प्रबंधक; (ii) एक समूह, क्षेत्रीय या कॉर्पोरेट वकील; (iii) क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी; (iv) Magna के उपाध्यक्ष, नैतिकता और मुख्य अनुपालन अधिकारी या (v) Magna हॉटलाइन पर रिपोर्ट करना चाहिए।

Magna के आचार संहिता और नैतिकता नीति या इस नीति के किसी भी उल्लंघन की ईमानदारी के साथ रिपोर्ट करने के लिए Magna किसी भी प्रतिशोध की कार्यवाही से कर्मचारियों को सुरक्षा देता है। ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया हमारी **प्रतिशोध-विरोधी नीति** देखें।

मददगार सुझाव

हमेशा...

✓ विचार करें कि क्या आपके उन व्यवसाय फ़ैसलों या सुझावों को प्रभावित करने वाला आपका कोई निजी हित है, जो आप Magna की तरफ़ से करते हैं।

✓ शंका होने पर अपने मैनेजर, किसी ग्रुप क्षेत्रीय या कॉर्पोरेट वकील, या एक क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी से बात करें।

✓ गौर करें कि Magna की तरफ़ से उठाए गए आपके कोई भी कदम अखबार में पहले पृष्ठ या सोशल मीडिया पर रिपोर्ट होने पर किस तरह समझे जा सकते हैं। अगर जनता को ऐसा लगता है कि आपको अपने कदमों से लाभ हुआ है, तो यह संभवतः टकराव की स्थिति है।

✓ अपने टकराव का जल्द से जल्द खुलासा करें, और कोई भी अगले कदम उठाने से पहले मंजूरी लें।

✓ हमारी आचार संहिता और नैतिकता नीति या इस नीति के किसी भी संदिग्ध उल्लंघन को रिपोर्ट करें।

कभी नहीं...

✘ हमारे उपाध्यक्ष, नैतिकता और मुख्य अनुपालन अधिकारी की लिखित पूर्व अनुमति के बिना किसी Magna सप्लायर, ग्राहक, या प्रतियोगी के साथ दूसरी नौकरी करना। सिर्फ़ अपवाद परिस्थितियों में ही ऐसी अनुमति दी जाएगी।

✘ टकराव का खुलासा किए और मंजूरी लिए बिना Magna और एक ऐसे व्यवसाय के बीच व्यवसाय संबंध में शामिल होना या समर्थन करना जिसमें आपका या आपके संबंधित पक्ष का महत्वपूर्ण हित है।

✘ टकराव का खुलासा किए और मंजूरी लिए बिना अपने संबंधित पक्ष को नौकरी देना या इसमें समर्थन देना।

✘ टकराव का खुलासा किए और मंजूरी लिए बिना ऐसा कोई बाहरी पद पाना जिसमें Magna के काम के घंटों के दौरान आपके समय और ध्यान के बड़े हिस्से की ज़रूरत हो।

✘ टकराव का खुलासा किए और मंजूरी लिए बिना अपने या अपने संबंधित पक्ष के लिए ऐसे अवसरों का इस्तेमाल करना जो Magna की संपत्ति या जानकारी के इस्तेमाल, या Magna में आपके पद के ज़रिए मिले हैं।

अतिरिक्त जानकारी:

ज़्यादा जानकारी या सलाह के लिए अपने ग्रुप या क्षेत्रीय कानूनी सलाहकार, क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारी या Magna के उपाध्यक्ष, नैतिकता और मुख्य अनुपालन अधिकारी से संपर्क करें।

Originally Enacted:	November 1, 2016
Current Version:	February 23, 2022
Next Review Date:	Q1 2025
Issued by:	Ethics & Legal Compliance
Approved by:	Chief Compliance Officer, on behalf of Magna Compliance Council

Driving Integrity

Know it.
Speak it.
Live it.